www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Yagyavalkya Institute of Technology |
| Test Date | 13/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** गुप्तों के बाद राष्ट्रकूटों का भारत के किस हिस्से पर प्रभुत्व रहा?

Ans
✗ 1. मध्य भारत
✗ 2. ओडिशा
✓ 3. दक्कन
✗ 4. बंगाल

**Q.2** फरवरी 2025 में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने निजी कंपनियों के लिए अपनी प्रतिभूतियों को डीमैटरियलाइज़ (dematerialise) करने की समय सीमा बढ़ा दी। नई समय सीमा क्या है?

Ans
✗ 1. 30 सितंबर 2025
✓ 2. 30 जून 2025
✗ 3. 31 दिसंबर 2025
✗ 4. 31 मार्च 2025

**Q.3** मार्च 2025 में, भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान के सम्मान में, राष्ट्रीय रक्षा दिवस की कौन-सी वर्षगांठ मनाई गई?

Ans
✗ 1. 60वीं वर्षगांठ
✓ 2. 87वीं वर्षगांठ
✗ 3. 65वीं वर्षगांठ
✗ 4. 76वीं वर्षगांठ

**Q.4** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

# : OLM :: HEF : %

Ans
✗ 1. # = RVP, % = EQZ
✗ 2. # = POP, % = EUC
✓ 3. # = ROP, % = EBC
✗ 4. # = RUI, % = ESA

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. KO - LP
✗ 2. NR - OS
✓ 3. PI - KJ
✗ 4. QU - RV

Q.6 कृषि-वानिकी (Agro-forestry) की कल्पना कृषि-भूमि पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए किस नीति की संस्तुति पर की गई थी?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. राष्ट्रीय कृषि-वानिकी नीति, 2014

✘ 2. पौधे की किस्मों और किसानों के अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

✘ 3. राष्ट्रीय कृषि-वानिकी नीति, 2019

✘ 4. राष्ट्रीय वन नीति 2018

Q.7 यूनेस्को (UNESCO) द्वारा आयोजित NGO का 2024 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया?

Ans ✘ 1. जिनेवा, स्विटजरलैंड

✘ 2. वियना, ऑस्ट्रिया

✔ 3. पेरिस, फ्रांस

✘ 4. न्यूयॉर्क शहर, यूएसए

Q.8 एक व्यक्ति 63 km/hr, x km/hr और 81 km/hr की चाल से क्रमशः 819 km, 1476 km और 1053 km की दूरी तय करता है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 54 km/hr है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 38

✘ 2. 43

✘ 3. 46

✔ 4. 41

Q.9 मल्टी-कोर प्रोसेसर वाले कंप्यूटर सिस्टम पर विचार करें। एक साथ कई स्वतंत्र कार्य निष्पादित करते समय समान क्लॉक स्पीड वाले सिंगल-कोर प्रोसेसर की तुलना में मल्टीपल कोर होने का प्राथमिक लाभ क्या है?

Ans ✔ 1. एक साथ कई अलग-अलग प्रोसेस को हैंडल और निष्पादित करने की बेहतर क्षमता

✘ 2. सिस्टम की मुख्य मेमोरी (RAM) की क्षमता में वृद्धि

✘ 3. एकल, हेवली थ्रेडेड (heavily threaded) एप्लीकेशन को निष्पादित करने के लिए उन्नत गति

✘ 4. सम्पूर्ण प्रणाली के लिए कम बिजली खपत

Q.10 यदि किसी डेटा सेट का बहुलक उसके माध्य से 37.8 अधिक है, तो बहुलक माध्यिका से _____ अधिक होगा।
(मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans ✔ 1. 25.2

✘ 2. 31.6

✘ 3. 29.3

✘ 4. 24.8

Q.11 मोहन ने एक दुकान से ₹1,120 प्रति किताब की दर से 51 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹900 प्रति किताब की दर से 48 किताबें खरीदीं। उसने प्रति किताब कितनी औसत कीमत (₹ में दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) चुकाई?

Ans ✘ 1. 1,003.33

✘ 2. 1,023.33

✘ 3. 1,028.33

✔ 4. 1,013.33

Q.12 2 बैग और 11 पेन की कुल कीमत ₹505 है, जबकि 10 बैग और 10 पेन की कुल कीमत ₹1310 है। 8 बैग की कीमत, 8 पेन की कीमत से कितनी अधिक है?

Ans ✔ 1. ₹616

✘ 2. ₹618

✘ 3. ₹619

✘ 4. ₹617

www.govtjobsalert.in

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 30 : 49

✗ 2. 18 : 57

✗ 3. 27 : 54

✗ 4. 27 : 57

Q.14 मानव के संतुलित आहार में रुक्षअंश (roughage) को शामिल करने का प्राथमिक कारण क्या है?

Ans ✔ 1. यह पाचन में सहायक होता है और कब्ज को रोकता है।

✗ 2. यह शर्करा के अवशोषण में वृद्धि करता है।

✗ 3. यह पेशियों का निर्माण करता है।

✗ 4. यह वसा भंडारण में सहायक होता है।

Q.15 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'LIKE' को '6284' के रूप में और 'HAIR' को '9578' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans ✔ 1. 8

✗ 2. 7

✗ 3. 2

✗ 4. 9

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

189 166 155 132 121 98 ?

Ans ✗ 1. 66

✗ 2. 92

✗ 3. 75

✔ 4. 87

Q.17 1813 के चार्टर अधिनियम द्वारा किस प्रावधान को मंजूरी दी गई थी?

Ans ✗ 1. व्यपगत का सिद्धांत

✗ 2. बाल श्रम पर प्रतिबंध

✗ 3. भारत में रेलवे

✔ 4. पश्चिमी विज्ञानों की शुरुआत

Q.18 राघव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans ✔ 1. 6 km, पूर्व की ओर

✗ 2. 3 km, पूर्व की ओर

✗ 3. 4 km, पूर्व की ओर

✗ 4. 5 km, पूर्व की ओर

Q.19 कंप्यूटर मेमोरी पदानुक्रम के संदर्भ में, रजिस्टरों से द्वितीयक भंडारण की ओर जाते समय एक्सेस गति और प्रति बिट लागत के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामान्यतः सत्य है?

Ans ✗ 1. एक्सेस की गति बढ़ जाती है और प्रति बिट लागत घट जाती है

✔ 2. एक्सेस की गति कम हो जाती है और प्रति बिट लागत कम हो जाती है

✗ 3. एक्सेस की गति बढ़ जाती है और प्रति बिट लागत बढ़ जाती है

✗ 4. एक्सेस की गति कम हो जाती है और प्रति बिट लागत बढ़ जाती है।

www.govtjobsalert.in

Q.20 एक व्यक्ति को प्रति माह ₹5,140 वेतन मिलता है। वह हर महीने अपने वेतन का 35% बचाता है। उसका प्रति माह व्यय ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. ₹3,361
2. ₹3,380
3. ₹3,251
4. ₹3,341

Q.21 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) * 4 * 2 9 @ @ 8 3 £ $ 6 4 £ * 4 8 £ % 9 8 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
1. 4
2. 3
3. 5
4. 6

Q.22 संतुलित अभिक्रिया $2Al + 3Cl_2 \rightarrow 2AlCl_3$ में, ऐलुमिनियम से ऐलुमिनियम क्लोराइड का ग्राम अणु अनुपात कितना है?

Ans
1. 2 : 2
2. 3 : 2
3. 2 : 3
4. 1 : 2

Q.23 एक आयताकार टिन शीट 17 cm लंबी और 22 cm चौड़ी है। इसे इसकी चौड़ाई के अनुदिश रोल करके एक बेलनाकार आकार दिया गया है, जिसके विपरीत किनारे एक दूसरे को स्पर्श करते हैं। बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{2050}{\pi}$
2. $\frac{2054}{\pi}$
3. $\frac{2053}{\pi}$
4. $\frac{2057}{\pi}$

Q.24 चंद्रयान-4 मिशन के लिए LVM-3 रॉकेट के कितने प्रक्षेपणों की योजना बनाई गई है?

Ans
1. एक
2. तीन
3. चार
4. दो

Q.25 36 संख्याओं का औसत 45 है। यदि दो संख्याएँ 37 और 53 हटा दी जाती हैं, तो शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 40
2. 42
3. 43
4. 45

www.govtjobsalert.in

Q.26 किस राज्य में स्थानांतरी कृषि को 'झूम' के नाम से जाना जाता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. असम
✘ 2. ओडिशा
✘ 3. मध्य प्रदेश
✘ 4. केरल

Q.27 एक आदमी अपने मासिक वेतन का 30% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह ₹751 परिवहन पर और ₹8,481 किराने पर खर्च करता है और शेष ₹715 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है?

Ans
✘ 1. ₹14,301
✘ 2. ₹14,261
✔ 3. ₹14,210
✘ 4. ₹14,206

Q.28 निम्नलिखित में से कौन सी डिवाइस इनपुट और आउटपुट डिवाइस दोनों के रूप में कार्य कर सकती है?

Ans
✔ 1. टच स्क्रीन
✘ 2. स्कैनर
✘ 3. माइक्रोफ़ोन
✘ 4. प्रोजेक्टर

Q.29 प्रेक्षण 4, 1, 5, 2, 8, 6, 7, 4, 3, 5, 1, 6, 4, 9 और 4 का बहुलक कितना होगा?

Ans
✔ 1. 4
✘ 2. 1
✘ 3. 2
✘ 4. 5

Q.30 फरवरी 2025 में, भारत के किस राष्ट्रीय उद्यान में पांच चीते छोड़े गए?

Ans
✘ 1. गिर राष्ट्रीय उद्यान
✘ 2. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
✘ 3. पेरियार वन्यजीव अभयारण्य
✔ 4. कुनो राष्ट्रीय उद्यान

Q.31 कौन-सी हिंदुस्तानी गायन शैली उत्तर-पश्चिम भारत के ऊँट सवारों के लोक गीतों से उत्पन्न हुई है?

Ans
✘ 1. ध्रुपद
✔ 2. टप्पा
✘ 3. ख़याल
✘ 4. ठुमरी

Q.32 यदि 'P' का अर्थ '÷' है, 'Q' का अर्थ '×' है, 'R' का अर्थ '+' है और 'S' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 50 होगा?

Ans
✘ 1. 24 Q 4 R 28 S 12 P 6
✘ 2. 24 R 4 P 28 Q 12 S 6
✘ 3. 24 S 4 Q 28 P 12 R 6
✔ 4. 24 P 4 S 28 R 12 Q 6

Q.33 एकाधिक टैब वाले एप्लीकेशनों (जैसे ब्राउज़र या एमएस वर्ड) में, Ctrl + Tab क्या करता है?

Ans
✘ 1. नया टैब ओपन करता है
✔ 2. अगले टैब पर स्विच करता है
✘ 3. टैब को रिफ्रेश करता है
✘ 4. मौजूदा टैब को बंद करता है

www.govtjobsalert.in

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा इनपुट डिवाइस का एक उदाहरण है, जो उपयोगकर्ताओं को टेक्स्ट टाइप करके कंप्यूटर के साथ इंटरैक्ट करने की सुविधा देता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. स्पीकर
2. मॉनिटर
3. प्रिंटर
4. कीबोर्ड ✔

Q.35 C, D, E, F, S, T और U में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। F की परीक्षा गुरुवार को होती है। C की परीक्षा S के बाद किसी दिन और E से पहले किसी दिन होती है। U की परीक्षा T के बाद किसी दिन लेकिन D से पहले किसी दिन होती है। T की परीक्षा F के बाद किसी दिन होती है। U और C के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
1. तीन ✔
2. एक
3. चार
4. दो

Q.36 अरावली और विंध्य पर्वतमाला के बीच कौन-सा पठार स्थित है?

Ans
1. छोटानागपुर
2. मालवा ✔
3. मेघालय
4. दक्कन

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'OWNS' को '5391' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SIDE' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 1
3. 5 ✔
4. 4

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

BI16, EL24, HO32, KR40, ?

Ans
1. NV48
2. NU47
3. NU48 ✔
4. NV47

Q.39 10 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 16 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि अथवा लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 60% लाभ ✔
2. 60% हानि
3. $\frac{50}{3}\%$ हानि
4. $\frac{50}{3}\%$ लाभ

www.govtjobsalert.in

Q.40 यदि तीन संख्याओं a, b और c का योगफल 5 है, तथा एक समय पर दो संख्याओं के गुणनफल का योगफल -2 है और संख्याओं a, b और c का गुणनफल 3 है, तो $a^3 + b^3 + c^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 164 ✔
2. 148 ✘
3. 126 ✘
4. 159 ✘

Q.41 औपनिवेशिक काल के दौरान, भारत का औद्योगिक विकास ब्रिटिश नीतियों का परिणाम था। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारत में औद्योगिक विकास की प्रकृति का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
1. भारी उद्योगों का संतुलित क्षेत्रीय वितरण ✘
2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक औद्योगिक विकास ✘
3. सीमित औद्योगिक गतिविधि, मुख्य रूप से कलकत्ता और बॉम्बे जैसे कुछ शहरों में केंद्रित ✔
4. सभी प्रांतों में मजबूत घरेलू पूंजीगत सामान उद्योग ✘

Q.42 सिंधु घाटी सभ्यता की प्रसिद्ध नर्तकी (Dancing Girl) की प्रतिमा बनाने के लिए किस पदार्थ का उपयोग किया गया था?

Ans
1. रजत ✘
2. ताम्र ✘
3. कांस्य ✔
4. लोहा ✘

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारत में मंत्रिपरिषद पर लागू 'सामूहिक कार्यकारी उत्तरदायित्व' के सिद्धांत का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
1. यदि मंत्री सार्वजनिक रूप से असहमत हैं, तो वे सामूहिक उत्तरदायित्व से बाहर हो सकते हैं। ✘
2. सभी मंत्री सरकारी निर्णयों के लिए पूर्ण उत्तरदायित्व साझा करते हैं। ✔
3. प्रत्येक मंत्री स्वतंत्र है और अपने कार्यों के लिए पूरी तरह जवाबदेह है। ✘
4. केवल प्रधानमंत्री ही निर्णय लेने के लिए उत्तरदायी हैं। ✘

Q.44 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(41, 34, 24)
(63, 80, 23)

Ans
1. (43, 40, 23) ✔
2. (17, 2, 19) ✘
3. (17, 14, 11) ✘
4. (46, 86, 24) ✘

Q.45 रोम में, COP16 के विस्तारित सत्र के दौरान किस महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धता पर सहमति बनी?

Ans
1. जैवविविधता संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष 200 बिलियन डॉलर ✔
2. जलवायु अनुकूलन के लिए प्रतिवर्ष 100 बिलियन डॉलर ✘
3. टिकाऊ कृषि के लिए प्रतिवर्ष 250 बिलियन डॉलर ✘
4. नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिवर्ष 150 बिलियन डॉलर ✘

Q.46 जनवरी 2025 में, किस भारतीय नेता की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया?

Ans
1. रवींद्रनाथ टैगोर ✘
2. सुभाष चंद्र बोस ✘
3. स्वामी विवेकानंद ✔
4. राजा राममोहन राय ✘

www.govtjobsalert.in

Q.47 एक समांतर चतुर्भुज का आधार और संगत ऊँचाई क्रमशः 97 cm और 43 cm है। समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. 4184
✓ 2. 4171
✗ 3. 4191
✗ 4. 4165

Q.48 A, B, C, D, E और W एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। D के नीचे कोई नहीं रहता है। E और W के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। C और A के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D और A के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। E, A से ऊपर किसी तल पर रहता है। B के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✓ 3. तीन
✗ 4. एक

Q.49 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) * 6 8 @ 1 £ 9 5 3 @ $ 9 © @ 7 9 £ @ 9 1 £ 6 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 2
✗ 3. 4
✓ 4. 3

Q.50 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M ÷ N + O × P – Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✓ 1. भाई की पत्नी का पिता
✗ 2. पत्नी का भाई
✗ 3. भाई की पत्नी का भाई
✗ 4. पत्नी का पिता

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा सही मिलान नहीं है?

Ans
✓ 1. हेराका आंदोलन - पश्चिम बंगाल
✗ 2. रामोसी विद्रोह - महाराष्ट्र
✗ 3. लुशाई विद्रोह - असम
✗ 4. कोल विद्रोह - झारखंड

Q.52 $\frac{7^2 \times 7^3}{\sqrt{49} \times \sqrt{2401}}$ को सरल कीजिए।

Ans
✓ 1. 49
✗ 2. 59
✗ 3. 58
✗ 4. 46

www.govtjobsalert.in

Q.53 हैदराबाद के निज़ाम ने अपने शासन को किस रूप में पेश करने का प्रयास किया?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. एक हिंदू राजतंत्र
2. एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य
3. एक ब्रिटिश संरक्षित राज्य
4. दक्कन में एक मुस्लिम संप्रभुता

Q.54 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) * 1 * $ 2 3 7 £ 1 7 @ 4 9 9 * 6 * 3 $ 1 $ @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. 4
2. 5
3. 6
4. 3

Q.55 यदि द्विघात समीकरण $x^2 + 3x + 2 = 0$ के दोनों मूल एक अन्य द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के भी मूल हैं, तो निम्न में से कौन-सा सत्य होना चाहिए?

Ans
1. $a = b = c$
2. $x^2 + 3x + 2$ का गुणज $ax^2 + bx + c$ होना चाहिए
3. $\frac{a}{1} = \frac{b}{2} = \frac{c}{3}$
4. $a + 3b + 2c = 0$

Q.56 सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। I और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, J के ठीक बाईं ओर बैठा है। Q के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। Q और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, P के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। O और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. चार
3. एक
4. तीन

Q.57 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के बाएं से गिनने पर D और G के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H, I के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। H, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दाएं से गिनने पर B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. चार
3. दो
4. एक

Q.58 जब 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹186 है, तो मूलधन ₹_____ है।

Ans
1. 6,000
2. 7,200
3. 5,425
4. 6,420

www.govtjobsalert.in

Q.59 भारतीय संविधान की किस सूची के अंतर्गत सहकारी समितियों को वर्गीकृत किया गया है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. अवशिष्ट शक्तियां
- ✓ 2. राज्य सूची
- ✗ 3. संघ सूची
- ✗ 4. समवर्ती सूची

Q.60 भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस नगरीय क्षेत्र की पहचान मिलियन प्लस नगरीय समूह शहर (Million Plus Urban Agglomerations Cities) के रूप में की गई है?

Ans
- ✓ 1. लखनऊ
- ✗ 2. देहरादून
- ✗ 3. चंडीगढ़
- ✗ 4. कन्नौज

Q.61 $(13+8\sqrt{5})$ और $(10-2\sqrt{5})$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. $\sqrt{50 + 54\sqrt{5}}$
- ✗ 2. $5\sqrt{2}$
- ✗ 3. $10\sqrt{2}$
- ✗ 4. $\sqrt{54 + 50\sqrt{5}}$

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'friends good company' को 'li ta ph' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'friends create nostalgia' को 'ta bu cy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'friends' को कैसे कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. bu
- ✗ 2. ph
- ✓ 3. ta
- ✗ 4. li

Q.63 एक अलमारी का अंकित मूल्य ₹668 है, जो क्रय मूल्य से 22% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 7% है, तो छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
- ✗ 1. 9.87%
- ✗ 2. 9.52%
- ✓ 3. 12.30%
- ✗ 4. 11.79%

Q.64 यदि आठ-अंकीय संख्या 31425p99, 9 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 8
- ✗ 2. 4
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 5

Q.65 2025 मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट में भारत का मानव विकास सूचकांक (HDI) मान क्या है?

Ans
- ✗ 1. 0.575
- ✓ 2. 0.685
- ✗ 3. 0.690
- ✗ 4. 0.675

www.govtjobsalert.in

Q.66 निम्नलिखित में से किस आधुनिक भौतिक विज्ञानी ने न्यूटनी यांत्रिकी के मूलभूत सिद्धांतों की गहनता से जांच की?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. अल्बर्ट आइंस्टीन (Albert Einstein)
✘ 2. गैलीलियो गैलीली (Galileo Galilei)
✘ 3. अर्नस्ट माच (Ernst Mach)
✘ 4. जेम्स क्लर्क मैक्सवेल (James Clerk Maxwell)

Q.67 भारत में लड़कियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 24 जनवरी 2025 को कौन-सा दिवस मनाया गया?

Ans
✔ 1. राष्ट्रीय बालिका दिवस
✘ 2. राष्ट्रीय बालिका सुरक्षा दिवस
✘ 3. राष्ट्रीय बालिका समानता दिवस
✘ 4. राष्ट्रीय बालिका सशक्तिकरण दिवस

Q.68 एक नल किसी टंकी को 18 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी भरी हुई टंकी को 24 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी प्रारंभ में खाली है और दोनों नल एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी का तीन-चौथाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✘ 1. 216
✘ 2. 162
✘ 3. 108
✔ 4. 54

Q.69 ABC और XYZ दो सर्वांगसम त्रिभुज हैं, जिनमें ∠A : ∠B : ∠C = 2 : 4 : 4 है। ∠X + ∠Z ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 108°
✘ 2. 90°
✘ 3. 144°
✘ 4. 72°

Q.70 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी लड़के, हैंडसम हैं।
कुछ हैंडसम, कारें हैं।
कुछ कारें, ग्रे हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हैंडसम, लड़के हैं।
(II) सभी कारें, हैंडसम हैं।

Ans
✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.71 2011 की जनगणना के अनुसार, लक्षद्वीप के किस द्वीप की जनसंख्या सबसे कम है?

Ans
✔ 1. बित्रा (Bitra)
✘ 2. अगाट्टी (Agatti)
✘ 3. कलपेनी (Kalpeni)
✘ 4. कवारत्ती (Kavaratti)

www.govtjobsalert.in

Q.72 एक नाव धारा के प्रतिकूल 14 घंटे में 14 km तथा धारा के अनुकूल 9 घंटे में 171 km की यात्रा करती है। स्थिर जल में नाव की चाल कितनी है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 17 km/hf
2. 18 km/hf
3. 10 km/hr
4. 6 km/hr

Q.73 अपनी सलाहकार क्षमता में, भारत के राष्ट्रपति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह ______________ मानी जाती है।

Ans
1. राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी
2. केवल सुझावात्मक और गैर-बाध्यकारी
3. निचले सदन के स्पीकर द्वारा खारिज
4. केवल आर्थिक मामलों तक ही सीमित

Q.74 संख्या 8514932 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर बनी नई संख्या में, मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. 4
2. 2
3. 1
4. 3

Q.75 बृहत हिमालय शृंखला का अन्य नाम क्या है?

Ans
1. आंतरिक हिमालय
2. शिवालिक रेंज
3. पूर्वोत्तर पहाड़ियाँ
4. केंद्रीय अक्षीय रेंज

Q.76 भारतीय संविधान के भाग IV में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है?

Ans
1. बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान
2. कृषि और पशुपालन संगठन
3. अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में हिंदी भाषा को बढ़ावा देना
4. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना

Q.77 एक टंकी के तल में एक होल है जिससे पानी रिस रहा है। एक नल टंकी को 8 घंटे में भर सकता है और तल का होल 10 घंटे में पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली कर सकता है। यदि नल और होल दोनों खुले हों, तो खाली टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. 48.5 घंटे
2. 40 घंटे
3. 21.5 घंटे
4. 34 घंटे

Q.78 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

186 ÷ 5 + 189 × 3 – 2 = ?

Ans
1. 869
2. 884
3. 881
4. 887

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.79 उस घन का आयतन ($m^3$ में) कितना है जिसके प्रत्येक कोर की लम्बाई 42 m है।

Ans
1. 74,009
2. 74,283
3. 74,088 ✓
4. 74,236

Q.80 भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कंपनी अधिनियम संशोधन के तहत 2024 में निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन किया गया?

Ans
1. सभी पात्र कंपनियों के लिए न्यूनतम CSR व्यय सीमा में कमी
2. ₹500 करोड़ से कम टर्नओवर वाली कंपनियों को CSR दायित्वों से छूट
3. बोर्ड के कम से कम 50% सदस्यों का CSR विशेषज्ञ होना आवश्यक है
4. स्वतंत्र ऑडिट के साथ अनिवार्य तिमाही CSR रिपोर्टिंग ✓

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. RX – VP ✓
2. GM – JE
3. NT – QL
4. AG – DY

Q.82 IL 17 एक निश्चित तरीके से LN 12 से संबंधित है। उसी तरह MN 12, PP 7 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से VR 4 किससे संबंधित है?

Ans
1. BX −9
2. YT −1 ✓
3. VX −3
4. NF −7

Q.83 यदि $\sin 5A = \cos(A - 42^\circ)$ है, जहाँ 5A एक न्यूनकोण है, तो A का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20°
2. 23°
3. 22° ✓
4. 21°

Q.84 30 - [30 - {30 - (30 - 30 × 3)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 105
2. 90 ✓
3. 107
4. 109

Q.85 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

942 940 936 930 922 ?

Ans
1. 912 ✓
2. 908
3. 906
4. 910

www.govtjobsalert.in

Q.86 यदि संख्या 3518642 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 8

✘ 2. 7

✘ 3. 9

✘ 4. 6

Q.87 नीति आयोग की नीति संक्षिप्त 'इंडिया'स बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' (2022) के अनुसार, वर्ष 2029-30 तक भारत में गिग कार्यबल का अनुमानित आकार क्या होगा?

Ans ✔ 1. 23.5 मिलियन

✘ 2. 50 मिलियन

✘ 3. 35 मिलियन

✘ 4. 45 मिलियन

Q.88 बहु-राज्य सहकारी समितियों के लिए कानून बनाने का अधिकार किसके पास है?

Ans ✘ 1. उच्च न्यायालय

✔ 2. संसद

✘ 3. राज्य विधानमंडल

✘ 4. जिला कलेक्टर

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

URM 14, TQL 18, SPK 22, ROJ 26, ?

Ans ✘ 1. PLI 28

✔ 2. QNI 30

✘ 3. PRN 30

✘ 4. PQM 28

Q.90 इस्लामी शासकों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन-सी, निजी इमारत हुआ करती थी?

Ans ✘ 1. पुल

✔ 2. दीवान-ए-खास

✘ 3. कटरा

✘ 4. सराय

Q.91 एक निश्चित तरीके से, NW -19 का संबंध PZ -10 से है। उसी प्रकार, RD -12 का संबंध TG -3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WU -2 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans ✘ 1. ZA -5

✘ 2. ZZ -5

✘ 3. XA -7

✔ 4. YX -7

Q.92 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G और B के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल A को F के ऊपर रखा गया है। B के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। E को C के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है, लेकिन D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans ✘ 1. 1

✘ 2. 3

✔ 3. 4

✘ 4. 2

www.govtjobsalert.in

Q.93 एक दुकानदार को अपने क्रय मूल्य पर 34% लाभ की उम्मीद है। यदि एक सप्ताह में उसकी बिक्री आय ₹3,417 थी, तो उसका लाभ (₹ में) कितना था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 865
2. 867 ✔
3. 864
4. 870

Q.94 भारत के पर्यावरणीय अधिनियमों के तहत दंड और हरित मंजूरी (green clearances) लागू करने के लिए 2024 में निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण को मजबूत किया गया?

Ans
1. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ✔
2. वन सलाहकार परिषद
3. राष्ट्रीय पर्यावरण प्रबंधन प्राधिकरण
4. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण

Q.95 तीन संख्याएँ 2 : 1 : 5 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 5380 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 541
2. 537
3. 539
4. 538 ✔

Q.96 भारत में औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति 2011 के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में सृजित प्रत्येक नौकरी, संबंधित गतिविधियों में दो-तीन अतिरिक्त नौकरियाँ सृजित करती है।
2. उद्योग मौजूदा वस्तुओं के साथ-साथ उसमें कार्यरत श्रमिकों के कौशल में भी महत्वपूर्ण योगदान करते हैं; इसलिए, इस क्षेत्र को एक परिवर्तनकारी क्षेत्र भी माना जाता है।
3. चूँकि उद्योग जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं, इसलिए औद्योगिक विकास हमारे देश से बेरोजगारी और गरीबी के उन्मूलन की पूर्व शर्तों में से एक है।

Ans
1. केवल 3
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1और 2
4. 1, 2 और 3 ✔

Q.97 $6x^2$ और 18xy का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $53y^2$
2. $52y^2$
3. $51y^2$
4. $54y^2$ ✔

Q.98 श्रीमान K बिंदु Z से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह अंतिम दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुक जाता है। बिंदु Z तक पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 7 km, पूर्व की ओर ✔
2. 11 km, उत्तर की ओर
3. 4 km, दक्षिण की ओर
4. 4 km, पश्चिम की ओर

www.govtjobsalert.in

Q.99 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

IF-KH-OQ
KH-MJ-QS

Ans
1. NJ-OK-SV
2. MJ-OL-SU
3. MJ-OL-SV
4. NJ-OL-SV

Q.100 किरण ने साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर 2 वर्षों के लिए ₹16,000 की राशि उधार ली। यदि उसने x% वार्षिक ब्याज की दर पर अवधि के अंत में ब्याज के रूप में ₹4,000 का भुगतान किया, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12.5
2. 13.5
3. 11.5
4. 14.5

www.govtjobsalert.in